# सुजानपुर कॉलेज में मानसिक स्वास्थ्य पर व्याख्यान




**सवेरा न्यूज/संवाददाता**

सुजानपुर, 22 अगस्त : राजकीय महाविद्यालय सुजानपुर टीहरा में मानसिक स्वास्थ्य समिति के तत्वावधान में मानसिक स्वास्थ्य विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. विभा ठाकुर तथा समिति समन्वयक डॉ. दिव्या शर्मा ने मुख्य अतिथि खंड स्वास्थ्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजकुमार का स्वागत किया। प्राचार्या ने विद्यार्थियों को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी।

मुख्यातिथि डॉ. राजकुमार ने मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य के महत्व पर विस्तृत जानकारी साझा करते हुए कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए मन और तन दोनों का स्वस्थ एवं स्वच्छ रहना आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों के साथ संवाद करते हुए उन्हें प्रतिदिन अपने मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. दिव्या शर्मा ने मुख्य अतिथि, सहयोगियों और उपस्थित सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों सहित शिक्षक एवं गैर-शिक्षक वर्ग उपस्थित रहा।

ुत सकल
ों पर जल्द
सहायक
र फोरमैन
जाए, ताकि
र पड़ रहा
सके और
बिना किसी
के। स्टाफ
बसे गंभीर
थति में पैदा
ड़ी समस्या

कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम, 02 प्रौद्योगिकी प्रदर्शन कार्यक्रम तथा 01 वैज्ञानिक कृषक वार्तालाप कार्यक्रम शामिल थे।

## सुजानपुर कालेज में दिए हैल्थ के टिप्स

सुजानपुर। राजकीय महाविद्यालय सुजानपुर टीहरा में मानसिक स्वास्थ्य समिति पर मानसिक स्वास्थ्य पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्या डा. विभा ठाकुर और मानसिक स्वास्थ्य समिति के समन्वयक डा. दिव्या शर्मा ने मुख्यातिथि का स्वागत किया। मुख्य वक्ता ने छात्रों के साथ संवाद किया और छात्रों से आह्वान किया कि वह प्रतिदिन अपने मानसिक स्वास्थ्य पर भी ध्यान केंद्रित करें। कार्यक्रम समन्वयक डा. दिव्या शर्मा ने मुख्यातिथि एवं उनके सहयोगियों सहित सभी का धन्यवाद किया।